| | |
|---|---|
| टंग जाना | फांसी पर चढ़ना। |
| टंगड़ी पर उड़ाना | लंगड़ मार कर गिराना। कुश्ती में पैर से पैर फंसाकर गिराना। अड़ंगा मारना। |
| टंटा खड़ा करना | उपद्रव खड़ा करना। |
| ✓टक टक देखना | बिना पलक गिराये लगातार कुछ काल तक देखते रहना |
| टक बंधना | किसी ओर स्थिर दृष्टि से देखना। |
| ✓टक बांधना | स्थिर दृष्टि होना। स्थिर दृष्टि से देखना। |
| ✓टक लगाना | आसरा देखते रहना। प्रतीक्षा में रहना। |
| टकटकी बाँधना | = स्थिर दृष्टि से देखना। |
| टकराते फिरना | मारे मारे फिरना। हैरान घूमना। |
| टकसाल का खोटा | नीच। दुष्ट। अशिष्ट। |
| टकसाल चढ़ना | टकसाल में परखा जाना। सिक्के या धातु खण्ड की परीक्षा होना। किसी विद्या या कला कौशल में दक्ष माना जाना। पारंगत माना जाना। बुराई में अभ्यस्त होना। निर्लज्ज होना। दुष्टता में परिपक्व होना। |
| टकसाल बाहर | = (सिक्का) जिसका चलन न हो। (शब्द या शब्द) जिसका प्रयोग शिष्ट न माना जाय। |
| टकसाली बात | जंची तुली बात। पक्की बात। ठीक बात। ऐसी बात जो अन्यथा न हो। |
| टकसाली बोली | सर्वसम्मत भाषा। विज्ञों द्वारा अनुमोदित भाषा। शिष्ट भाषा। |
| ✓टका पास न होना | निर्धन होना। दरिद्र होना। धनहीन होना। |
| टका भर | तीन तोले का परिमाण। थोड़ा सा। |
| ✓टका सा जवाब देना | झट से जवाब देना। तुरन्त अस्वीकार करना। किसी की प्रार्थना, याचना, अनुरोध या आशा को तुरन्त अस्वीकार करना। कोरा जवाब देना। साफ निकल जाना। कानों पर हाथ रखना। |
| टका सा मुँह लेकर रह जाना | = लज्जित हो जाना। खिसिया जाना। |
| टका सी जान | अकेला दम। एकाकी जीव। |
| टके गज की चाल | = मोटी चाल। थोड़े खर्च में निर्वाह। |
| टके गिनना | हुक्के का गुड़गुड़ बोलना। |
| टके सेर भाजी टके सेर खाजा | = अंधेर। अंधाधुंधी। अराजकता। |

| | |
|---|---|
| टक्कर का | जोड़ का। बराबरी का। समान। तुल्य। |
| टक्कर खाना | सामना करना। सम्मुख होना। लड़ना। भिड़ना। समान होना। तुल्य होना। मारा मारा फिरना। कार्य साधन के लिए इधर से उधर फिरना। |
| टक्कर झेलना | हानि उठाना। नुकसान सहना। संकट या आपत्ति सहना। |
| टक्कर मारना | आघात पहुंचाने के लिए जोर से सिर मारना या पटकना। सिर से धक्का लगाना। माथा मारना। हैरान होना। घोर परिश्रम और उद्योग करना। ऐसा प्रयत्न करना जिसका फल शीघ्र दिखाई न दे। |
| टक्कर लगाना | व्यर्थ किसी के यहां जाना। |
| टक्कर लड़ना | दूसरे के सिर पर सिर मार कर लड़ना। माथे से माथा भिड़ाना। |
| टक्कर लड़ाना | सिर से धक्का मारना। |
| टक्कर लेना | वार सहना। चोट सहना। सामना करना। लड़ना-भिड़ना। |
| टट्टर देना | टट्टर बन्द करना। |
| टट्टर लगाना | टट्टर बन्द करना। |
| टट्टी का शीशा | पतले दल का शीशा। |
| टट्टी की आड़ से शिकार खेलना | छिपकर चाल चलना। किसी के विरुद्ध गुप्त रूप से कोई कार्यवाही करना। छिपाकर बुरा काम करना। लोगों की दृष्टि बचाकर कोई अनुचित कार्य करना। |
| टट्टी की ओट बैठना | छिपे तौर पर कोई कार्य करना। |
| टट्टी में छेद करना | बुराई करने में किसी प्रकार का परदा न रखना। प्रकट रूप से कुकर्म करना। खुल खेलना। निर्लज्ज हो जाना। लोक लज्जा छोड़ देना। |
| टट्टी लगाना | आड़ करना। परदा खड़ा करना। किसी के सामने भीड़ लगाना। |
| टट्टू पार होना | बेड़ा पार होना। काम निकल जाना। प्रयोजन सिद्ध हो जाना। |

| | |
|---|---|
| टट्टू भड़कना | कामोद्दिप्त होना। |
| टन हो जाना | चटपट मर जाना। |
| टप से | चट से। फट से। बड़ी जल्दी। |
| टपक पड़ना | एक बारगी आ पहुंचना। अकस्मात आकर उपस्थित ह होना। |
| टप्पा खाना | किसी फेंकी हुई वस्तु का बीच में गिरकर जमीन से छू जाना और फिर उछलकर आगे बढ़ना। |
| टप्पा देना | लम्बे लम्बे डग बढ़ाना। कूदना। अन्तर डालना। |
| टप्पा मारना | दूर दूर बखिया करना। मोटी और भद्दी सिलाई करना। लंगर डालना। |
| टर टर करना | ढिठाई से बोलते ही जाना। प्रतिवाद में बार बार कुछ कहते जाना। बकवाद करना। व्यर्थ बक बक करना। |
| टर टर लगाना | व्यर्थ बकवाद करना। झूठ मूठ बक बक करना। कहना और इस प्रकार बोलना जो अच्छा न लगे। |
| टरक देना | धीरे से चला जाना। चुपचाप हट जाना। |
| टस से मस न होना | किसी भारी चीज का जरा सा भी न जगह छोड़ना। कुछ भी न खिसकना। किसी कड़ी वस्तु का (पकाने या गलाने आदि से) जरा सा भी न गलना। कहने सुनने का। कुछ भी प्रभावित न होना। किसी के अनुकूल कुछ भी प्रवृत्त न होना। |
| टसुए बहाना | झूठ मूठ आंसू गिराना। |
| टहल जाना | धीरे से खिसक जाना। चुपचाप अन्यत्र चला जाना। हट जाना। जान बूझकर उपस्थित न रहना। |
| टहल बजाना | सेवा करना। |
| टहोका खाना | धक्का खाना। ठोकर सहना। |
| टहोका देना | हाथ या पैर से धक्का देना। झटकना। ढकेलना। ठेलना। |
| टांका भरना | सीना। सिलाई करना। |

| | |
|---|---|
| टांका मारना | दूर दूर पर सिलाई करना। |
| टांकी बजना | पत्थर पर टांकी का आघात पड़ना। पत्थर की गढ़ाई होना। इमारत का काम लगना। |
| टांग अड़ाना | बिना अधिकार के किसी काम में हस्तक्षेप करना। किसी का ऐसे काम में हाथ डालना जिसमें उसकी आवश्यकता न हो। अड़ंगा लगाना। विघ्न डालना। बाधा उपस्थित करना। ऐसे विषय पर कुछ कहना जिसकी जानकारी न हो। अनधिकार चर्चा करना। |
| टांग उठाना | स्त्री सम्भोग करना। जल्दी जल्दी और पैर बढ़ाना। जल्दी जल्दी चलना। |
| टांग तले से निकलना | हार मानना। परास्त होना। नीचा देखना। अधीन-होना। |
| टांग तोड़ना | अंग भंग करना। बेकाम करना। निकम्मा करना। किसी काम का न रखना। किसी भाषा को सीखकर उसके टूटे फूटे या अशुद्ध वाक्य बोलना। चलते चलते पैर थकाना। घूमते घूमते हैरान होना। |
| टांग पसार कर सोना | निर्द्वन्द्व होकर सोना। सुख की नींद सो लेना। निश्चिंत होकर सोना। चैन से दिन बिताना। |
| टांगें रह जाना | चलते चलते पैर दर्द करने लगना। चलते चलते पैरों का शिथिल हो जाना। लकवा या गठिया से पैर का बेकाम हो जाना। |
| टांग लेना | टांग पकड़ना। (कुत्ते आदि का) पैर पकड़कर काट खाना। कुत्ते की तरह काटना। पीछे पड़ जाना। सिर होना। पिंड न छोड़ना। |
| टांग बराबर | छोटा सा। |
| टांच मारना | कार्यनाशक बातें कहना। |
| टांट के बाल उड़ना | सिर के बाल झड़ना। सर्वस्व निकल जाना, पास में कुछ न रह जाना। जूता मार पड़ना। मुफलिस निकलना। |
| टांट के बाल उड़ाना | सिर पर जूते लगाना। मारते मारते सिर पर बाल न रहने देना। |

| | |
|---|---|
| टांट खुजाना | मार खाने को जी चाहना। कोई ऐसा काम करना जिससे मार खाने की नौबत आवे। दण्ड पाने का काम करना। |
| टांट गंजी कर देना | मारते मारते सिर गंजा करना। खूब खर्च करवाना। खर्च के मारे हैरान कर देना। |
| टांट गंजी होना | मार खाते खाते सिर गंजा होना। खूब मार पड़ना। खर्च के मारे धुर्रा निकलना। |
| टांड़ा लदना | बिक्री का माल लदना। कूच की तैयारी होना। मरने की तैयारी होना। |
| टांय टांय फिस | लम्बी बातें, पर परिणाम कुछ नहीं। धूम-धाम से काम शुरू करना, पर अन्त में कुछ न हो सकना। |
| टाट उलटना | दिवाला निकलना। दिवालिया होने की सूचना देना। |
| टाट करना | मस्तूल खड़ा करना। |
| टाट पर मूंज का बखिया | जैसी भद्दी चीज वैसी ही सजावट। |
| टाट बाहर होना | जाति-च्युत होना। |
| टाट में पाट का बखिया | चीज तो भद्दी और सस्ती पर उसमें लगी हुई सामग्री बढ़िया और बहुमूल्य। बेमेल सजावट। |
| टापते रह जाना | हाथ मलकर रह जाना। |
| टाप देना | छलांग मारना। |
| टापा देना | लम्बे डग भरना। उ०- कबिरा यह संसार में घने मनुष्य मतिहीन। राम नाम जाना नहीं आये टापा दीन। कबीर। छलांग मारना। |
| टाल देना | दूर कर देना। बहाना कर देना। टरकाना। नाश करना। समय निर्धारित करना। |
| टाल मारना | पत्तियों के किनारों का छिलना। |
| टिक्का लगाना | आग पर बाटी सेंकना या पकाना। |
| टिक्की जमना, बैठना, लगना | प्रयोजन सिद्धि का उपाय होना। युक्ति लड़ना। प्राप्ति आदि का डौल होना। गोट जमना। |

| | |
|---|---|
| टिटकारी पर लाना | (पशु का) इशारा पाकर काम करना। संकेत पाकर या बोली पहचानकर पास चला आना। |
| टिड्डी दल | बहुत बड़ा झुंड। बहुत बड़ा समूह। |
| टिप टिप करना | बूंद बूंद गिरना या बरसना। |
| टिप्पन का मिलान | विवाह सम्बन्ध स्थिर करने के लिए वर कन्या की जन्म पत्रियों का मिलान। |
| टिप्पस भिड़ाना | विकट परिस्थिति में अपना काम निकालने के लिए कोई युक्ति या उपाय करना। |
| टिप्पस लड़ाना | विकट परिस्थिति में अपना काम निकालने के लिए कोई युक्ति या उपाय करना। |
| टीकन देना | बढ़ते हुए पौधों को सीधा और सुडौल रखने के लि लिए कोई युक्ति थूनी लगाना। |
| टीका काढ़ना | मुंडन या यज्ञोपवीत के अवसर पर संस्कार किये जाने वाले लड़के को टीका करके द्रव्य देना। मांग में सिंदूर धारण करना। |
| टीका लगाना | ललाट पर चन्दन आदि से चिन्ह करना। सूई द्वारा औषध प्रविष्ट करना। |
| टीके का | विशेषता रखनेवाला। अनोखा। |
| टीप लड़ाना | संगीत में टीप लगाते हुए गाना। |
| टीस उठना | दर्द शुरू होना। रह रह कर पीड़ा होना। |
| टीस मारना | रह रह कर दर्द करना। |
| टुंच भिड़ाना | थोड़ी पूंजी से काम करना। |
| टुंच लड़ाना | थोड़ी पूंजी से काम आरम्भ करना। थोड़ी पूंजी से जुआ खेलना। धीरे धीरे जीतना। |
| टुक सा | जरा सा। थोड़ा सा। |
| टुकड़ा तोड़ जवाब देना | साफ साफ इनकार कर देना। दो टूक जवाब देना। |

| | |
|---|---|
| टुकड़ा तोड़ना | दूसरे को दी हुई रोटी खाना। दूसरे के दिये हुए भोजन पर निर्वाह करना। |
| टुकड़ा देना | भिखमंगे को रोटी या खाना देना। |
| टुकड़ा मांगना | भीख मांगना। |
| टुकड़ा सा जवाब देना | फट और स्पष्ट शब्दों में अस्वीकार करना। संकोच नहीं करना। साफ इनकार करना। लगो लिपटी न रखना। कोरा जवाब देना। |
| टुकड़े करना | काट या तोड़कर कई भाग करना। खण्ड करना। |
| टुकड़े का मुहताज होना | मुहताज होना। |
| टुकड़े टुकड़े उड़ाना | काट कर खण्ड खण्ड करना। |
| (दूसरे के) टुकड़ों पर पड़ना | दूसरे को दी हुई रोटी खाकर रहना। दूसरे के यहां के भोजन पर निर्वाह करना। पराई कमाई पर निर्वाह करना। |
| टुटंरूं सा | अकेला। एकाकी। |
| टूट जाना | बंद हो जाना। चलना रुक जाना। गढ़ का कब्जे में आ जाना। दुर्बल या शक्तिहीन होना। |
| टूट पड़ना | अचानक आ जाना। ऊपर से नीचे गिरना। |
| टूट टूटकर बरसना | अत्यधिक पानी बरसना। मूसलाधार बरसना। |
| टूटी फूटी बात | असम्बद्ध वाक्य। ऐसे वाक्य जो व्याकरण से शुद्ध और सम्बद्ध न हों। अस्पष्ट वाक्य। उ०- शीत, पित्त, कफ, कंठ निरोधे रसना टूटी फूटी बात। सूर। |
| टूटी बाहं गले पड़ना | अपाहिज के निर्वाह का भार अपने ऊपर पड़ना। किसी सम्बन्धी का खर्च अपने जिम्मे होना। |
| टूम छल्ला | छोटा मोटा गहना। साधारण गहना। |
| टूम फासना | ताना मारना। |
| टूम देना | कबूतर को छतरी पर से उड़ाना। |

टूमटाम = [illegible] । [illegible] / बनाव सिंगार ।

| | |
|---|---|
| टें बोलना | झटपट मर जाना। फट प्राण छोड़ देना। न बचना। |
| टें होना | फट प्राण छोड़ देना। मर जाना। न बचना। |
| टेंट गरमाना | हाथ में रुपया आना। पास में रुपया पैसा आना। हाथ में रुपया देना। कुछ इनाम या रिश्वत देना। |
| टेंट में कुछ होना | पास में कुछ रुपया पैसा होना। |
| टें टें करना | व्यर्थ की बकवाद करना। |
| टेक गहना | हठ करना। अड़ना। |
| टेक निबाहना | प्रण पूरा करना। संकल्प को पूरा करना। |
| टेक निभना | जिस बात के लिए आग्रह या हठ हो, उसका पूरा होना। प्रतिज्ञा पूरी होना। |
| टेक पकड़ना | हठ करना। जिद करना। अड़ना। आग्रह करना। |
| टेक रहना | जिस बात के लिए आग्रह या हठ हो उसका पूरा होना। प्रतिज्ञा पूरी होना। |
| टेढ़ की लेना | नटखटी करना। शरारत करना। उजड्डपन करना। |
| टेढ़ा पड़ना | उग्र रूप धारण करना। बिगड़ना। भला बुरा कहना। कटु बातें कहना। कुपित होना। कठोर व्यवहार करना। अकड़ना। ऐंठना। टर्राना। रुखाई से बात करना। |
| टेढ़ा बांका | नोक-झोंक का। बना ठना। छैल छबीला। |
| टेढ़ी आंख से देखना | क्रूर दृष्टि करना। शत्रुता की दृष्टि से देखना। अनिष्ट करने का विचार करना। बुरा व्यवहार करने का विचार करना। |
| टेढ़ी आंखें करना | कुपित दृष्टि करना। कोप की आकृति बनाना। बिगड़ना। |
| टेढ़ी खीर | कठिन कार्य। दुष्कर कार्य। |
| टेढ़ी चितवन | तिरछी चितवन। भावभरी दृष्टि। |
| टेढ़ी सीधी सुनाना | ऊंची नीची सुनाना। खरी खोटी सुनाना। भला बुरा कहना। कटु बातें कहना। |

| | |
|---|---|
| टेढ़े टेढ़े जाना | इतराना। घमण्ड करना। उ०-(क) कबहुं कमला चपला पाय कै टेढ़े टेढ़े जात। कबहुंक मग मग धूरि टटोरत, भोजन को बिललात। सूर। (ख) जो रहीम ओछो बढ़े तो अति ही इतरात। प्यादा से फरजी भयो टेढ़ो टेढ़ो जात। रहीम। |
| टैनी मारना | सौदा तौलने में उंगली को इस प्रकार घुमाना फिरा कि चीज कम चढ़े। सौदा कम तौलना। |
| टैर करना | गुजारना। बिताना। काटना। |
| टैव पड़ना | आदत पड़ जाना। |
| टोक में आना | नजर लगानेवाले आदमी के सामने पड़ जाना। |
| टोक लगना | किसी के टोकने का अनिष्ट प्रभाव पड़ना। |
| टोकरे पर हाथ रहना | इज्जत बनी रहना। परदा न खुलना। भ्रम बना रहना। |
| टोटका करने आना | आकर कुछ भी न ठहरना। थोड़ी देर भी न बैठना। तुरन्त चला जाना। |
| टोटका होना | किसी बात का चटपट हो जाना। किसी बात का ऐसी जल्दी हो जाना कि देखकर आश्चर्य हो। |
| टोटा देना | हानि पूरा करना। घाटा पूरा करना। हरजाना देना। |
| टोपा भरना | तागा भरना। सीना। |
| टोपी उछलना | निरादर होना। अपमान होना। |
| टोपी उछालना | निरादर करना। अनादर करना। |
| टोपी बदलना | भाई भाई का सम्बन्ध जोड़ना। भाईचारा करना। राज्य बदलना। दूसरे राजा का राज्य होना। |
| टोह मिलना | पता लगना। |
| टोह में रहना | तलाश में रहना। |
| टोह लगाना | पता लगाना। सुराग लगाना। |